# नई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता नहीं देने पर एक दिन का कार्य बहिष्कार

## इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से कार्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**सादुलपुर,** (निसं)। सफाई कर्मचारियों की नवीन भर्ती 2023 में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार नहीं करने के विरोध में मंगलवार को वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से एक दिवसीय सफाई कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगरपालिका राजगढ से नारेबाजी करते हुए कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर जुलूस के रूप से मिनी सचिवालय राजगढ पहुंचे, जहाँ पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन के नगर अध्यक्ष सेठी चांवरिया एवं पार्षद ज्योति चावंरिया के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने उपखण्ड अधिकारी राजगढ रणजीत कुमार बिजारणिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं सौंपे ज्ञापन में चार सूत्री माँग पत्र सहित सफाई कर्मचारी की नवीन भर्ती 2023 में परम्परागत सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकि समाज के अभ्यिर्थियों को प्राथमिकता देने की माँग की गई। साथ ही चेतावनी दी है कि यदी शिघ्र ही माँग पर कार्यवाही नहीं की गई तो पाँच दिवस बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर आदोलन को तेज किया जायेगा।


एक दिवसीय सफाई कार्य का बहिष्कार कर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

इसी दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे वाल्मीकि समाज के लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में 30 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती में की घोषणा वाल्मीकि समाज के उत्थान व विकास एवं कल्याण के लिए की गई थी, जबकि 21 अप्रेल 2023 को निदेशक स्वायत शासन विभाग द्वारा 13184 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की विज्ञप्ती में आरक्षण एवं वर्गीकरण के आधार पर भर्ती के आदेश जारी किये हैं, जबकि निदेशालय स्वायत शासन विभाग द्वारा 18 जनवरी 2023 एवं 19 अप्रेल 2023 को यूनियन एवं निदेशक स्वायत शासन विभाग के समझौते में आरक्षण से भर्ती नहीं करने का व 2018 से पूर्व जिन लोगों ने बीटस पर मस्ट्रोल या अस्थाई ठेके पर एवं संविदा पर कार्य किया है को एवं वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की सहमती प्रदान की थी, परन्तु विज्ञप्ती में इस तरह के कोई आदेश या निर्णय को सम्मिलत नहीं किया है, जिससे राजस्थान के सम्पूर्ण वाल्मीकि समाज का हनन हुआ है।

इस अवसर पर जीतू चांवरिया, विनोद चावंरिया, नविन चांवरिया, अशोक चांवरिया, सेठी चांवरिया, रामानन्द, प्यारेलाल, प्रमोद चांवरिया, देवानन्द चांवरिया, दलीप वाल्मीकि, नोरतमल सहित अनेक महिला पुरूष सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

# परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला ने महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने मंगलवार को झुंझुनूं नगर परिषद में चल रहे स्थाई मंहगाई राहत कैंप का औचक निरीक्षण किया और वहां पर सरकार द्वारा आमजन को दी जा रही योजनाओं व सुविधाओं के बारे में लोगों से चर्चा की।

परिवहन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की यह सराहनीय पहल है। जिससे केवल एक जन आधार कार्ड नंबर से आमजन को 10 योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में जिस प्रकार से भीड़ देखने को मिल रही है, उससे यह साफ जाहिर है कि कैंप के प्रति आमजन का कितना उत्साह बन रहा है। उन्होंने आमजन से शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि यह कैंप 30 जून तक लगातार चलेंगे। आमजन अपने वार्ड, ग्राम स्तर पर लगने वाले शिविरों में तो लाभ ले ही सकते हैं। अगर किसी कारणवश वहां नहीं भी करवा पाते हैं, तो भी जिले में लगाए गए 70 स्थाई कैंपों में किसी भी स्थान पर पंजीकरण करवा सकते हैं। इस दौरान परिवहन राज्य मंत्री ने लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के गांरटी कार्ड भी सुपुर्द किए।

■ कहा, केवल एक जनाधार नंबर से मिल रहा है 10 योजनाओं का लाभ


परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने झुंझुनूं नगर परिषद में चल रहे स्थाई मंहगाई राहत कैंप का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान एसडीएम सुप्रिया कालेर, तहसीलदार महेंद्र मूंड, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनियां, शहर कोतवाल सुरेंद्र देगड़ा,, पूर्व चेयरमैन तैयब अली, गिडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह, झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद अजमत अली, पार्षद प्रदीप कुमार सैनी, रामनारायण कुमावत, जुल्फिकार खोखर, मुमताज अली, अब्दुला अगवान, रियाज चायल, साजिद हुसैन सादा, आजम भाटी, नवीन कुमार, इरफान कबाड़ी, युनूस रहमानी, रफीक कबाडी, लतीफ कबाड़ी, आदिल कबाड़ी, संदीप चांवरिया, सलीम टोपी, मनोज सैनी, मनोज कुलहरि, अदनान, राजकुमार डिग्रवाल, मुराद अली, कैलाश कुमावत, उम्मेद खान सहित नगर परिषद झुंझुनूं के कर्मचारी, अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्येक शक्ति केंद्र पर उत्सव के रूप में मनाएगी 'मन की बात' कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर महीने के अंतिम रविवार को जनता से रूबरू होने वाले मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को भारतीय जनता पार्टी 30 अप्रेल जिलेभर के सभी शक्ति केंद्रों पर उत्सव के रूप में मनाएगी।

उपरोक्त जानकारी देते हुए अभियान शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने बताया कि अभियान की तैयारी को लेकर पार्टी की जिला पदाधिकारी बैठक होटल खाना खजाना में मंगलवार को जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष मावंडिया ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक शक्ति केंद्र पर 500 लोगों के साथ देखा जाएगा तथा इसके सफल आयोजन के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता प्रवासी के रूप में काम करेगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 29 और 30 अप्रेल को बूथ समितियों के भौतिक सत्यापन के लिए भी सभी शक्ति केंद्रो पर 48 घंटे के लिए प्रवासी कार्यकर्ता जाउंगे। इस दौरान जिला प्रभारी केडी बाबर, सासंद नरेंद्र कुमार तथा सूरजगढ विधायक सुभाष पूनियां ने भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर विषय रखा।


अभियान की तैयारी को लेकर पार्टी की जिला पदाधिकारी बैठक होटल खाना खजाना में आयोजित की गई।

बैठक में जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, योगेंद्र मिश्रा, राजेश दहिया, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, सुशीला सीगडा, सुनील लांबा, रामनिरंजन पुरोहित, जिला मंत्री मंजू सैनी, महावीर ढाका, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रतनसिंह तंवर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, एससी मोर्चा के जिला संयोजक सुरेंद्र भाटिया, एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयदीप गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत चौहान, उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद झाझड़िया, नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुरलीमनोहर शर्मा, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्यारेलाल कपूरिया, विशेष संपर्क प्रकोष्ठ की जिला संयोजक बिमला चौधरी, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सेवाराम गुप्ता, भाजपा नेता धर्मपाल गुर्जर, कैलाश मेघवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतिम दिन तीन ने नामांकन भरा

**चिड़ावा,** (निसं)। पंचायत समिति के वार्ड 6 (बख्तावरपुरा क्षेत्र) में एक उप चुनाव का आयोजन हो रहा है जिसमें पंचायत समिति सदस्य के निर्वाचन के लिए नामांकन हो रहा है। नामांकन की आखिरी तारीख में 3 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। भाजपा से रामप्यारी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुरेश और अनीता ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी और मतदान 7 मई को होगा। उधर, भाजपा की ओर से उप चुनाव प्रभारी बनाए गए जिला महामंत्री राजेश दहिया वार्ड छह से भाजपा प्रत्याशी रामप्यारी का नामांकन दाखिल करवाने पहुंचे। उन्होंने एसडीएम संदीप चौधरी के पास नामांकन पत्र दाखिल करवाया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, बैजनाथ मोदी, संदीप कुमावत, मनोज कटेवा, गजेंद्र कटेवा, सहीराम कटेवा, राजेश कटेवा, रोहिताश्व, बजरंगलाल, अनिल कटेवा, जाकिर खान, आदिल खान, मानसिंह कटेवा, रमेश सैनी, जतिन कटेवा ,अजय धींवा, राजबीर, सुनील, प्रमोद मेहरा, अखिल कटेवा, डीके लांबा, डिंपल सहित अन्य मौजूद थे। बता दें कि पंचायत समिति के वार्ड 6 से प्रकाशवती कटेवा पंचायत समिति सदस्य थी। उनका निधन होने की वजह से कई दिनों से पद रिक्त चल रहा था। ये सीट महिला (ओबीसी) के लिए आरक्षित है।

# उपचुनाव में दो महिलाओं सहित छह जनों ने आठ नामांकन किए

**सुजानगढ़,** (निसं)। नगरपरिषद के वार्ड नं 47 के उपचुनाव में दो महिलाओं सहित 6 जनों ने 8 नामाकंन जमा दिए है। रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लूणिया ने बताया कि मंगलवार को वार्ड नं. 47 के उपचुनाव में कांग्रेस से पुष्पादेवी, आरएलपी से रतनलाल नायक, आरएलपी से आरतीदेवी, निर्दलीय अरविन्द सामरिया व निर्दलीय रेवन्तमल पंवार ने नामांकन प्रस्तुत किए हैं। इससे पहले सोमवार को भाजपा से गंगाधर लाखन, भाजपा व निर्दलीय रेवन्तमल पंवार ने नामांकन प्रस्तुत किए थे।

■ नगरपरिषद के वार्ड नं 47 में हो रहे उपचुनाव

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा गुरूवार को नाम वापसी हो सकेगी। मंगलवार सुबह कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पादेवी डीजे के साथ जुलूस के रूप में नामांकन प्रस्तुत करने उपखण्ड कार्यालय पहुंची। जहां पर उन्होने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, नगर अध्यक्ष रामवतार मंगलहारा, सभापति नीलोफर गौरी, उपसभापति अमित मारोठिया,


सुजानगढ़ के उपखण्ड कार्यालय में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा देवी का सिम्बल जमा कराते ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी।

एड. सुरेश शर्मा, मुकुल मिश्रा, प्रदेश सियोता, तरूण सियोता, इकबाल खान, फारूक भुट्टा, आसिफ खान नसवाण, लियाकत खान, आसिफ चौहान, इरफान खान, संतोष शर्मा, अजय ढेनवाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता साथ थे। इसी प्रकार आरएलपी से रतनलाल नायक एवं उनके डमी के रूप में उनकी धर्मपत्नी आरती देवी ने रैली के रूप उपखण्ड कार्यालय पहुंच कर नामांकन जमा दिया।

इस दौरान सीताराम नायक, पूर्व उपसभापति व पार्षद बाबूलाल कुलदीप, अमृता चौधरी, चुनाव प्रभारी श्रवण गोदारा नागौर, बनवारी गुरु, राजेंद्र भंवरिया, दीनदयाल सियोता, मन्नालाल सियोता, अजनबी खान, घासीराम बांगडा, संजय घारू, प्रदीप सियोता, जावेद, अलफुद्दीन घोसी, सुरेश गोयल, तीर्थराज सियोता, पंकज कोक, असलम काजी, महमूद काजी, सकुर, उमरदीन, लक्ष्मण खटीक, शकील काजी, जैसाराम नायक, वीरेंद्र सैन, लालनाथ सिद्ध, मदनलाल नायक सहित आरएलपी के अनेक कार्यकर्ता साथ थे। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द विश्वेन्द्रा ने नामांकन जमा किया। निर्दलीय अरविन्द के साथ सुरेश, बृजकिशोर सोनी, नानूराम, सुभाष बरमेचा, सुशील सियोता, सीताराम, एड. दयान खान, हीरालाल आदि मौजूद रहे।

# नियम विरूद्ध हो रहा निर्माण कार्य

**बीदासर,** (निसं)। ग्राम पंचायत दूंकर के राजस्व ग्राम बैनाथा जोगलिया में जाट समाज संस्थान में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य नियम विरूद्ध एक सरकारी शिक्षक को दिये जाने के विरोध में ग्राम बैनाथा उमजी के ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर कर जिला परिषद चुरू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य तय तकमिना अनुसार करवाने तथा अब तक किये गये निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच करवाकर घटिया निर्माण कार्य को तुड़वाका दुबारा करवाने की मांग की है। ठाामीणों ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कार्यकारी एजेन्सी दूंकर द्वारा करवाया जा रहा है जिसके लिए ठााम पंचायत सरपंच ने नियम विरूद्ध तरीके से सरकारी शिक्षक लादूराम को संविदा पर दे रखा है, उक्त शिक्षक निर्माण कार्य को महानरेगा बीएसआर 2022 के अनुसार नहीं कर रहा है, जबकि तकमिना उक्त बीएसआर के अनुसार बना हुआ है। निर्माण कार्य डीपीसी, लीन्टल, छजा, वेरन और बीम तकमिना के अनुसार नहीं है। इसके अलावा निर्माण सामग्री भी घटिया किस्म की प्रयोग में ली जा रही है, ईंट एक नम्बर की प्रयोग नहीं की जा रही है। निर्माण सामठाी घटिया स्तर की उपयोग की जा रही है। इनके द्वारा घटिया निर्माण कार्य कर राजकोष को लाखों रुपयों का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

# 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने ताबडतोड कार्यवाही करते हुए 'एक्शन प्लान के तहत' के तहत कार्यवाही करते हुए 19 संदिग्ध व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील ने बताया कि आईजी साहब एवं एसपी साहब के निर्देशन में जो भी सक्रिय अपराधी हो लगातार जो अपराध से सम्पर्क में रहते है, उनके सम्पर्क रखने वाले उन व्यक्तियों को चिन्हित किया गया था, जो कि या तो अपराधियों को महिमामण्डन करते है, या उनसे सम्पर्क रखते हैं, उनको चिन्हित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ अशोक बुटोलिया, वृताधिकारी वृत राजगढ इंसार अली के नेतृत्व में मंगलवार को सात टीमें गठीत की गई तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ एवं डीवाईएसपी राजगढ के नेतृत्व में जगह-जगह दबिस दी गई, जिसमें 19 लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद करवाया गया है।

# मंदिर माफी जमीन पर अवैध कब्जा रुकवाने के लिये शिकायत भेजी

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना के वार्ड नंबर 06 में स्थित माफी मंदिर भूमि पर अवैध कब्जा रूकवाने को लेकर एडीएम को शिकायत भेजी है। आरटीआई एक्टिविस्ट जुगल किशोर ने बताया कि श्याम मंदिर तालाब रोड के पास भूमाफियों द्वारा पुजारी सत्यनारायण दास चेला गणपत दास से मिली भगत कर माफी मंदिर जानकी नाथ भूमि पर शमशान घाट में रिपेयरिंग कार्य के बहाने कब्जा किया जा रहा हैं।

गौरतलब हैं कि पूर्व में उक्त पुजारी द्वारा खसरा नंबर 434, 435 को बेचान कर खुर्द बुर्द कर दिया गया, जिसका न्यायालय में मामला विचाराधीन है। उसके बावजूद उक्त भूमि पर भूमाफियों द्वारा पुजारी के परिजनों को साथ लेकर कब्जा करने की नियति से समाधि स्थल पर रिपेयरिंग का बहाना बनाकर कब्जा कर रहे है। जनहित को ध्यान में रखने हुए परिवादी का उच्च न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा है। शिकायत पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए भूमि पर निर्माण को रूकवाने को लेकर एडीएम ने संज्ञान लिया। मौके पर हल्का पटवारी को भेजा तथा मौका स्थिति रिपोर्ट तैयार कर निर्माण कार्य को बंद करवाया।


माफी मंदिर जानकी नाथ भूमि पर शमशान घाट में रिपेयरिंग कार्य के बहाने कब्जा किया जा रहा है।

# शर्मा 10वीं पुण्यतिथि मनाई

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् समाजसेवी स्व सांवर शर्मा भाई साहब की 10वीं पुण्यतिथि स्काउट गाइड भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई इस अवसर पर पक्षियों के लिए परिंडे लगायें। प्रारंभ में उपस्थित जनों ने स्व. शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ब्लांक मुख्य शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, शिक्षाविद् अर्जुन लाल वर्मा, रामनिवास राजोतिया,अनंत राम,शिवा पचार सबलपुरा आदि ने स्व शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में जानकारी दी तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर सांवर शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट की सात सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें अर्जुन लाल वर्मा, रामनिवास शर्मा, ताराचंद जाखड़, रामनिवास राजोतिया, बलबीर लमोरिया आंतरोली, गोपीराम जांगिड़ यालसर,शिवा पचार सबलपुरा को शामिल किया गया है।

# भामाशाह राजवीर सिंह ने विद्यालय में सरस्वती प्रतिमा स्थापित की

**सादुलपुर,** (निसं)। सांखू फोर्ट के सुलखनिया छोटा के राप्रावि ढाणी धीन्धवाली में भामाशाह राजवीर सिंह बेनीवाल ने विद्यालय में लगभग एक लाख लागत की प्रतिमा स्थापित की। मंगलवार को हुए प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में पीईईओ सुरेंद्र सिंह पूनिया की अध्यक्षता में मुख्यतिथि पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य सुमन सुलखनिया ने किया। वहीं कार्यक्रम में सरपंच सोनिका देवी,अंतर सिंह काजला व सुनील कुमार श्योराण वशिष्ट अतिथि थे।

इस अवसर पर धर्मवीर सुलखनिया ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए बच्चो को कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, मगर प्रतियोगिता के दौर में शिक्षा हासिल करके ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। सेवानिवृत प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह बुडानिया ने कहा कि शिक्षक जब अपनी जिम्मेदारी निभाता है, तभी अच्छा परिणाम आता है। संस्था प्रधान सम्पति देवी ने अतिथियों का आभार जताया। इस मोके सत्यवीर पूनिया, उम्मेद सिंह मेघवाल, रामजीलाल, योगेश शर्मा, मान सिंह बुडानिया, पूर्णमल, तेजपाल, देवी सिंह, राजेश, दलीप व सुभाष आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भगवान सिंह ढाका ने किया।


सुलखनिया छोटा के राप्रावि ढाणी धीन्धवाली में प्रतिमा का अनावरण समारोह के दौरान अतिथियों का सम्मान किया गया।

# वार्ड एक व दो के लिए अम्बेडकर भवन में महंगाई राहत कैंप का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत मंहगाई राहत कैंप वार्ड 1 से 2 अम्बेडकर भवन राजगढ में लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर योजना के 169, मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के 215, मुख्यमंत्री नि:शुल्क कृषि बिजली योजना के नील, मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड योजना के 244, इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गांरटी योजना के 54, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के 280, मुख्यमंत्री कामधेनू बीमा योजना के 86, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार योजना का 1, मुख्यमंत्री दुघर्टना बीमा योजना के 280 रजिस्ट्रेशन किये गये।

■ शिविर में 21 पट्टे वितरित किये गये

साथ ही उक्त योजनाओं की जानकारी कैंप में आमजन को दी गई तथा उपरोक्त योजनाओं हेतु पंजीकरण किया गया। साथ ही पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 21 पट्टे वितरित किये गये। तथा 10 जन्म प्रमाण पत्र, 1 मृत्यू प्रमाण पत्र, 1 विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया गया। वही शिविर में रजिया गहलोत पालिका अध्यक्ष, अध्यक्ष प्रतिनिधि नियाज मोहम्मद सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक, अदरीश गहलोत, पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र पडिहार, जयवीर ढाका, सलीम, नदीम, पार्षद हरद्वारीलाल मीणा, पार्षद गोरर्धन नाई, लाल मोहम्मद भियाणी, शंकर सिंह, रफीक पहाडखानी, रशीद, पार्षद राहुल पारीक, मनोनित पार्षद अब्दुल रहमान सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं समस्त पालिका स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


पट्टे वितरित करती पालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना के एन एकेडमी इंस्ट्यियूट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक सदभाव बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता संघ के विभाग संघ चालक ग्यारसीलाल जाट रहे, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड संघ चालक गजानंद लाटा ने की। बैठक में 17 समाजों के 40 लोग उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए ग्यारसीलाल जाट ने कहा कि वर्तमान समय में जातिवाद को खत्म करने के लिए सभी जातियों को आगे आना होगा। सभी जातियों में होने वाले जयंती कार्यक्रम में सभी जातियों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। जाति बिरादरी की व्यवस्था में रहते हुए भेद भाव मिटाने के प्रयास किए जाने चाहिए। राजनीति कभी समाज को एक जगह नहीं बैठने देगी परंतु हमे अपने प्रयासों से यह करना होगा। जातिगत आधार पर टिकिट बांटना, फिर वोट डालना यह सब समाज को तोड़ता है।



नीमकाथाना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में बोलते हुए दौलत राम गोयल ने कहा कि सामाजिक समरसता का त्रेतायुग भी परिचायक रहा है, सबरी के बेर खा कर भगवान श्री राम ने संदेश दिया था, आजादी के बाद राजनीति के कारण सामाजिक विघटन हुआ, जाती पाती पर वोट डालना, मंडल आयोग आने के बाद से जातिवाद बढ़ा। हमे अब सबका मान सम्मान करना चाहिए। बैठक में डॉक्टर हरबंस गोयल ने बोलते हुए कहा की जाति होने में बुराई नही है, जातिवाद नही होना चाहिए। खून की बात करे तो खून आपस में सिर्फ ठाुप से चढ़ता है ना की जाति से चढ़ता है। बैठक में सरस्वती ठाुप के चेयरमैन के पी सिंह ने बोलते हुए कहा की राजपुत समाज में सामाजिक गतिविधियों की बैठकों में सामाजिक गतिविधि में कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करते है, आगे से सभी समाज को इस प्रकार की गतिविधियों में हम बुलाएंगे और सभी को बुलाना चाहिए। राजपूत छात्रावास नीमकाथाना में सर्वसम्माज का कार्यक्रम हम कर भी चुके है।

■ राजनीति ने जातियों में दूरियां पैदा की, जातिगत आधार पर टिकिट और वोट की परंपरा गलतः ग्यारसी लाल

पूरण रैगर ने बोलते हुए कहा की हमारी जाति सबसे नीचे की कैटेगरी में आती है, राजस्थान के कुछ जिलों में आज भी जातिवाद चरम सीमा पर है, उसे भी हम दूर करना होगा,आज भी किराए पर कमरा नही देना, घोडी से उतार देना आज हमे धर्म परिवर्तन को ध्यान में रख कर भी काम करना चाहिए। आज हमारी जाति के लोग बुध धर्म और क्रिश्चियन में जाने की तैयारी कर रहे है, उन्हे रोकने के लिए हमे आपस में सभी के घर आना जाना चाहिए। बैठक में बाबूलाल गुर्जर अगवाडी, रामसिंह गुर्जर वकील, वीरेंद्र सिंह, मुरारी लाल कुमावत, भवानी शंकर शर्मा, महेश जांगिड़, अशोक सोनी, रावत राणा सहित अनेक लोगो ने संबोधित किया। बैठक में जिला समरसता संयोजक नरेश वंदना फेब्रिक्स, जिला व्यवस्था प्रमुख कमलेश मेगोतिया, खंड कार्यवाह नरेंद्र सिंह शेखावत, नगर कार्यवाह शंकर चेतानी, खंड व्यवस्था प्रमुख विष्णु पंसारी, खंड सहगोसेवा प्रमुख जितेंद्र सोमानी, महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख जगत राज , वरुण सिंह, सुशील जैन, दामोदर प्रसाद अग्रवाल, पवन कुमार भटनागर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।